भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2626

(दिनांक 11.12.2024 को उत्तर देने के लिए)

आकाशवाणी श्रोता अनुसंधान ईकाई द्वारा प्रतिवेदनों का प्रकाशन

2626. श्री कीर्ति आज़ादः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आकाशवाणी के रेडियो श्रोताओं की संख्या के संबंध में प्रतिदिन औसतन आंकड़े कितने हैं;

(ख) क्या आकाशवाणी की श्रोता अनुसंधान इकाई (एआरयू) नियमित रूप से रिपोर्ट प्रकाशित कर रही है; और

(ग) आकाशवाणी के एआरयू द्वारा प्रकाशित पिछली दस रिपोर्टों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ग): आकाशवाणी की श्रोता अनुसंधान इकाई (एआरयू) द्वारा प्रभाव आकलन अध्ययन/रेडियो ऑडियंस सर्वेक्षण पर प्रकाशित पिछली दस रिपोर्टों में आईसीसी टी-20 विश्व कप के दौरान स्पॉट/जिंगल्स, एनसीईआरटी (उमंग) के प्रायोजित कार्यक्रम, रेडियो स्पॉट (टेली लॉ), टेली-मानस, विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र और सहायक यंत्रों /उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता, मतदाता जंक्शन, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का टेलीफोनिक क्विक फीडबैक सर्वेक्षण, दिल्ली के एफएम चैनलों का सर्वेक्षण, विविध भारती, एफएम रेनबो और एफएम गोल्ड पर रेडियो ऑडियंस सर्वेक्षण आदि शामिल हैं। वर्ष 2024 के दौरान आकाशवाणी के चार प्रमुख चैनलों पर टेली-लॉ प्रायोजित रेडियो कार्यक्रम के लिए 20 शहरों में किए गए नवीनतम श्रोता सर्वेक्षण के अनुसार, श्रोताओं की अनुमानित संख्या लगभग 23.8 करोड़ थी।

****